दिन–गुरूवार दिनांक– 05/03/2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से। अवधि – 05 मिनट

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अब से कुछ देर पहले राज्यसभा चुनाव के लिए अपना नामांकन किया है। नामांकन के दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन, केंद्रीय मंत्री ललन सिंह और जीतनराम मांझी, उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी तथा विजय कुमार सिन्हा सहित अन्य वरिष्ठ नेता शामिल हुए। पिछले कुछ दिनों से मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के राज्यसभा जाने की अटकलों पर विराम लग गया है। मुख्यमंत्री ने आज सुबह सोशल मीडिया पर ट्वीट करते हुए कहा कि बिहार विधानसभा के दोनों सदनों के साथ संसद के दोनों सदनों का सदस्य बनने की उनकी हमेशा से इच्छा थी। इसी क्रम में वे राज्यसभा जा रहे हैं। उन्होंने बिहार की जनता को विश्वास दिलाया कि उनके साथ संबंध भविष्य में भी बना रहेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार की नई सरकार को उनका पूरा सहयोग और मार्गदर्शन मिलेगा।

———————————————————

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन और प्रदेश महामंत्री शिवेश कुमार ने भी राज्यसभा के लिए अपना पर्चा दाखिल किया। वहीं, राष्ट्रीय लोक मोर्चा के प्रमुख उपेन्द्र कुशवाहा भी अपना नामांकन किया। बिहार की पांच सीटों पर हो रहे राज्यसभा चुनाव के लिए नामांकन पत्रों की जांच कल की जाएगी। उम्मीदवार नौ मार्च तक अपना नाम वापस ले सकते हैं। इन सीटों के लिए मतदान सोलह मार्च को होगा और परिणाम उसी दिन घोषित कर दिये जायेंगे।

———————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की ओर से राज्यसभा के लिए नामांकन करने पर भाजपा नेताओं ने उन्हें बधाई दी है। उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने विश्वास जताया कि नीतीश कुमार के अनुभव और नेतृत्व से राज्यसभा की गरिमा और भी सुदृढ़ होगी। वहीं, उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के सुशासन की मजबूत परंपरा और बिहार के विकास के प्रति निरंतर समर्पण पूरे देश के लिए प्रेरणा का स्रोत है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने मुख्यमंत्री को बधाई देते हुए कहा

कि उनके व्यापक अनुभव, संतुलित दृष्टि और जनहितकारी विचारों से राज्यसभा की गरिमा को नई दिशा मिलेगी।

———————————————————————

राजद नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के राज्यसभा चुनाव के लिए नामांकन पर कहा कि यह पहले से ही तय था। श्री यादव ने कहा कि उन्होंने शुरूआत में ही कहा था कि चुनाव के बाद नीतीश कुमार को भाजपा मुख्यमंत्री के पद पर रहने नहीं देगी। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा ने नीतीश कुमार को पूरी तरह हाईजैक कर लिया है।

———————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के राज्यसभा के लिए नामांकन किये जाने पर बिहार कांग्रेस की ओर से भी प्रतिक्रिया सामने आई है। कांग्रेस मीडिया विभाग के अध्यक्ष राजेश राठौर ने आरोप लगाया कि भाजपा के शीर्ष नेतृत्व ने नीतीश कुमार को सत्ता से हटाने की साजिश रची है। वहीं, पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री भाजपा के रणनीति में फंस गये हैं।

———————————————————————

जदयू के वरिष्ठ नेता के. सी. त्यागी ने कहा कि नीतीश युग का कभी अंत नहीं हो सकता। श्री त्यागी ने कहा कि नीतीश कुमार ने नया बिहार बनाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के राज्यसभा जाने से संसद के उच्च सदन की गरिमा बढ़ेगी और बहस का स्तर भी ऊंचा होगा।

———————————————————————

पश्चिमी एशिया में जारी हालात के बीच, एयर इंडिया ने यात्रियों के लिए बड़ी राहत की घोषणा की है। एयर इंडिया ने कहा है कि प्रभावित यात्रियों को बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के अपनी यात्रा की तारीख बदलने या टिकट रद्द करने पर पूरा रिफंड लेने की सुविधा दी जाएगी। यह सुविधा इस वर्ष अट्ठाईस फरवरी या उससे पहले की गई सभी कन्फर्म बुकिंग्स पर लागू होगी।

———————————————————————

आईसीसी टी–ट्वेंटी क्रिकेट विश्व कप का दूसरा सेमीफाइनल मुकाबला आज मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में भारत और इंग्लैंड के बीच होगा। यह मैच शाम सात बजे से खेला जाएगा।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।